# AKI INDIA LIMITED

(**CIN:** L19201UP1994PLC016467)
**Reg. Off.:** D-115, Defence Colony Jajmau, Shiwans Tanney, Kanpur Nagar, Jajmau, Uttar Pradesh - 208010
**Email Id.:** info@groupaki.com, **Website:** www.groupaki.com
**Contact No.:** +91 512 2463150 / +91 512 2460866

**Date:** 18th August, 2025

To,
**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Tower,
Dalal Street,
Mumbai – 400 001

To,
The Manager,
Listing Department,
**National Stock Exchange Limited**
"Exchange Plaza", C-1, Block G,
Bandra-Kurla Complex,
Bandra (East),
Mumbai – 400 051

Dear Sir / Ma'am,

**Subject: Newspaper Advertisement of extract of Standalone and Consolidated Unaudited Financial results for the Quarter ended on 30th June, 2025**

**Ref: Security Id: AKI / Code: 542020 / Series: BE**

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company has given Newspaper Advertisement of Standalone and Consolidated on 17th August, 2025 of Unaudited Financial Result for the Quarter ended 30th June, 2025 in:

1. English Newspaper – Financial Express Newspaper and
2. Regional Language Newspaper (Hindi) – Rashtriya Sahara Newspaper

Kindly take the same on your record and oblige us.

Thanking You,

Yours Faithfully

For, **AKI India Limited**

MOHAMMAD AJWAD

Digitally signed by MOHAMMAD AJWAD
DN: c=IN, postalCode=208010, st=UTTAR PRADESH, street=D-115 ,DEFENCE COLONY ,KANPUR NAGAR,208010, l=KANPUR NAGAR, o=Personal, serialNumber=e9e2d0e377f4e2eb10f3d8e461469d600157926ca3795cd3dc5c156fd72df0fd, pseudonym=42e78771ba234703b8624809e2fad481, 2.5.4.20=2922374c25b74eb4475f09e59692b7d47e9baa4c21fe3c206b26497f2af82958, email=MAJWAD2@GMAIL.COM, cn=MOHAMMAD AJWAD
Date: 2025.08.18 17:25:16 +05'30'

**Mohammad Ajwad**
**Managing Director**
**DIN: 07902475**

जिन्ना धर्म के आधार पर आरक्षण और शरिया कानून की वकालत करते थे। कांग्रेस भी इसी दिशा में देश को चलाने में विश्वास रखती है, जबकि भाजपा संविधान के आधार पर शासन में विश्वास करती है।
—— गौरव भाटिया, राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण



कलेक्ट्रेट में स्वतत्रंता दिवस पर स्वातत्रंता सेनानिओं के परिजनों को सम्मानित करते जिलाधिकारी।

**कानपुर (एसएनबी)।** जिलाधिकारी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण कर समारोह की शुरुआत की। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में कानपुर का विशिष्ट स्थान रहा है। यहां के अमर शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति देकर आजादी की नींव मजबूत की। उन्होंने कहा कि कानपुर की धरती ने अनेक वीर सपूत दिए हैं। उन्होंने जनपदवासियों का आह्वान किया कि वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आदर्शो से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस दौरान डीएम ने चंदन के पौधे का रोपण भी किया। जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों सत्येंद्र सिन्हा, हरिराम गुप्ता, राम कुमार स्वतंत्र, राम कुमार निगम, मानवेंद्र गुप्ता, पवन मिश्रा को सम्मानित किया। कार्यक्रम में एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. विवेक चतुर्वेदी, एडीएम खाद्य एवं आपूर्ति आशुतोष दुबे आदि रहे।

## डॉक्टरों ने झंडारोहण कर बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

**कानपुर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन नगर शाखा के डॉक्टरों ने झंडारोहण कर आजादी की लड़ाई में शहीद हुए लोगों को नमन किया। परेड भवन में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर सदस्यों व उनके परिजनों ने राष्ट्रगान गाकर एकता का संकल्प लिया। झंडारोहण के बाद आईएमए अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि यह कर्तव्य व जिम्मेदारी की याद दिलाने का अवसर है। सचिव डॉ. विकास मिश्रा ने कहा कि एक स्वस्थ राष्ट्र ही सशक्त बन सकता है और चिकित्सकों की भूमिका इससे अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां पूर्व अध्यक्ष डॉ. एके श्रीवास्तव, डॉ. कुलदीप सक्सेना, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. संजय रस्तोगी, डॉ. शालिनी मोहन, डॉ. कुनाल सहाय, डॉ. यूसी सिन्हा, डॉ. बृजेंद्र शुक्ला व अन्य चिकित्सक थे। वहीं, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध हैलट, जिला अस्पताल उर्सला, कांशीराम अस्पताल व हृदयरोग संस्थान रावतपुर में झंडारोहण किया गया। हैलट में प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिंह, उर्सला में निदेशक डॉ. एचडी अग्रवाल, कार्डियोलॉजी मे निदेशक डॉ. राकेश कुमार वर्मा ने झंडारोहण किया।

## 'स्वदेशी रक्षा प्रणाली 'सुदर्शन चक्र' से देश मजबूत होगा'



कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद रमेश अवस्थी।

**कानपुर।** शुक्रवार को 79वें स्वतंत्रता दिवस पर केशव नगर स्थित भाजपा कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने सांसद रमेश अवस्थी की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर उथल पुथल की चुनौतियों के बाद भी भारत निरंतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भरता की राह में चल कर समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहा है। सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि आतंकवाद से देश के कमजोर करने दुश्मनों को निर्णायक जवाब देने और देश के नागरिकों सुरक्षा प्रतिष्ठानों को खतरों से बचाने के लिए एक स्वदेशी रक्षा कवच तैयार होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा स्वदेशी रक्षा प्रणाली 'सुदर्शन चक्र' आतंकवाद के साथ ही सीमाओं पर दोहरे मोर्चे की सुरक्षा चुनौतियों से मोर्चा लेने में सफल होगा। प्रमुख रूप से विधायक महेश त्रिवेदी, पूर्वमंत्री बालचंद्र मिश्रा,एमएलसी अरुण पाठक, पूनम द्विवेदी, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, अनिल दीक्षित, रघुनंदन भदौरिया, सहित क्षेत्रीय एवं जिला पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सांसद ने किया झंडारोहण

**कानपुर।** श्री महाराज अग्रसेन जयंती समिति ने स्वतंत्रता दिवस पर अग्रसेन चौक फूलबाग में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रसेन महाराज को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र को नमन किया। मौजूद लोगों ने राष्ट्रगान गाकर समर्पण भाव प्रकट किया। कार्यक्रम के बाद यहां मिष्ठान वितरण किया गया। यहां राजेंद्र अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, गुर प्रसाद अग्रवाल, कैलाश नाथ, शिव सागर, विशाल, सुनील, ज्ञानेन्द्र विश्नोई रहे।

## चांदनी नर्सिंग कॉलेज में आजादी के उत्सव की धूम रही



चांदनी नर्सिंग कॉलेज न्यू में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।

**कानपुर।** चांदनी नर्सिंग कॉलेज न्यू शिवली रोड बसौसी कल्याणपुर में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि संस्थान की संस्थापक सरला सिंह, डॉ. पल्लवी सिंह, डॉ. चांदनी सिंह, डॉ. आनंद प्रताप सिंह व डॉ. अंचला सिंह ने वीर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि दी और ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्रछात्राओं ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली निकाली। स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इस मौके पर चांदनी अस्पताल की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। प्रमुख रूप से प्राचार्य डॉ. सुनील डीसी, प्रधानाचार्य विमला शर्मा, डॉ. प्रतुष विक्रम सिंह, अलीसा एडवर्ड व शिक्षकगण मौजूद थे। संचालन मानवेंद्र सिंह ने किया।

## ऑक्सफोर्ड कॉलेज में छात्रों ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किये



स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण करते अध्यक्ष आलोक शर्मा व अन्य।

**कानपुर।** ऑक्सफोर्ड मॉडल इंटर कॉलेज श्याम नगर में स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण के बाद छात्रछात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये। अध्यक्ष आलोक शर्मा ने झंडारोहण किया। कार्यक्रम में कालेज की प्रबंधक भावना शर्मा ने आजादी में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान पर चर्चा की। छात्रछात्राओं ने देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. नीतू गुप्ता, अर्चना कंदारी, सुनील शर्मा, सुनीता यादव, चित्रा शुक्ला, सुरभि मिश्रा, निकिता तिवारी व अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## कोपेस्टेट में उद्यमियों ने फहराया तिरंगा



को-अपरेटिव शिक्षा सदन में ध्वजारोहण करते उघमी विजय कपूर व अन्य।

**कानपुर।** स्वाधीनता दिवस के अवसर पर कोपेस्टेट शिक्षा सदन जूहा. स्कूल दादा नगर कोआपरेटिव इस्टेट कार्यालय परिसर में उद्यमियों के साथ हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। स्कूल में चेयरमैन विजय कपूर ने मुख्य अतिथि उद्यमी प्रदीप माहेश्वरी व सन्तोष गुप्ता के साथ ध्वजारोहण किया। विजय कपूर व उद्यमियों ने मुख्य अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रदीप माहेश्वरी ने झण्डारोहण के उपरान्त बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विगत दिनों नानचाकू एसोसिएशन आफ कानपुर द्वारा आयोजित यूथ ओलम्पिक गेम्स में नगर के विभिन्न स्कूलों के साथ प्रतिस्पर्धा में कोपेस्टेट शिक्षा सदन जूहा. स्कूल के 8 बच्चों की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त करके ट्राफी व मेडल प्राप्त किये थे, उन बच्चों को विजय कपूर और उद्यमियों ने उपहार दिये। कोआपरेटिव इस्टेट के प्रशासनिक भवन में मुख्य अतिथि उद्यमी भारत सिंह व नासिर अली ने समस्त उद्यमियों के साथ झण्डारोहण किया गया। चेयरमैन विजय कपूर ने मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विजय कपूर के साथ आरपी सिंह, बसन्त लाल विश्वकर्मा, दिनेश कुशवाहा, बलराम नरूला, कार्तिक कपूर, अनूप कुशवाहा, अर्पित अवस्थी, अरुण जैन, अशोक जुनेजा, बलदेव राज मल्होत्रा, गोपाल मिश्रा, सीताराम शुक्ला, अवधेश मिश्रा सहित सैकड़ों उद्यमियों ने राष्ट्रध्वज का वंदन किया।

## समाचार पत्र विक्रेता संघ ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**कानपुर।** समाचार पत्र विक्रेता संघ ने घंटाघर सेंटर पर स्वतंत्रता दिवस मनाया। संघ के वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र यादव व सेंटर अध्यक्ष अनिल बाजपेयी ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद मिठाई का वितरण किया गया। इस मौके पर सुरेंद्र यादव ने वितरकों से अपने विचार साझा किये। वितरकों व प्रेस कर्मियों को तिरंगे के झंडे, बिल्ले व स्टीकर बांटे गये। कार्यक्रम में संघ के उपाध्यक्ष पंडित हरि नारायण दीक्षित, वैभव दीक्षित, विजय अवस्थी, राहुल तिवारी, हरजीत अरोड़ा, श्याम किशोर अवस्थी, विजय यादव, विपिन अवस्थी, विकास यादव, आनंद शुक्ला, दिनेश, फूलबाग व घंटाघर सेंटर के वितरक मौजूद थे।

## राष्ट्रीय ध्वज फहराया

**कानपुर।** यात्री जनकल्याण समिति द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर समिति द्वारा संचालित बाबा भीमराव अंबेडकर सिलाई कढ़ाई केंद्र एवं लाटूश रोड केंद्र पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पांडेय व समिति के संरक्षक विकास अग्रवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्वतंत्रता पर एक राष्ट्रीय पर्व है हमें भारत के एकता अखंडता को बनाए रखना है और समाज के दबे कुचले असहाय लोगों की मदद करना स्वतंत्रता का मूल उद्देश्य है। सचिव मंजू पांडेय ने कहा कि हम महिलाओं को स्वावलंबी बनाकर भारत को स्वावलंबी बनाना है। कार्यक्रम में रामानुज तिवारी, संतोष पांडेय, बृजेश मिश्रा, सुरेश पांडेय, प्रकाश शुक्ला, अनिकेश मिश्रा, दाताराम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों को किया गया सम्मानित

**कानपुर।** आजादी के अमर शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की गौरवगाथा को याद करते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार को नानाराव घाट पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम और भारत छोड़ो आंदोलन में अंग्रेजों से लोहा लेने वाले वीर नाविकों के परिजनों को भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद रमेश अवस्थी, जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सम्मानित किया।

शाम 5 बजे छावनी मंडल अध्यक्ष समित तिवारी की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम का शीर्षक एक शाम देश के क्रांतिकारियों के नाम रखा गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि आजादी की लड़ाई में कानपुर का विशेष योगदान रहा है। जून 1857 में नाना राव पेशवा, तात्या टोपे जैसे महान क्रांतिकारियों के नेतृत्व में अंग्रेजों को यहां से खदेड़ने का बिगुल बजा था। यहीं नानाराव घाट पर स्थानीय नाविकों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर अंग्रेजी हुकूमत को भारी क्षति पहुंचाई थी। सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि यह घाट हमारी आजादी की विरासत का प्रतीक है। अंग्रेजों ने यहां निर्दोष नाविकों का नरसंहार किया और इसी कारण उन्होंने इस घाट का नाम 'मस्कर घाट' रख दिया। बहुत जल्द यहां एक शिलालेख स्थापित कर उन नाविक क्रांतिवीरों के नाम अंकित कराए जाएंगे। यहां स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। संचालन महावीर निषाद ने किया।

### भाजपा के नेताओं ने झंडारोहण किया

**कानपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक अजय कपूर ने जगह-जगह पर तिरंगा फहराया। उन्होंने सबसे पहले आदर्श बेकरी चौराहे गोविंद नगर पर भगत सिंह मार्केट व्यापारी एसो. द्वारा आयोजित झंडारोहण कार्यक्रम में विजय कपूर चेयरमैन को ऑपरेटिव इस्टेट के साथ सम्मिलित होकर झंडारोहण किया। इसके बाद छोटा सेंटर पार्क, शास्त्री नगर में स्मृति शेष राममूर्ति मिश्रा वाटिका समिति द्वारा आयोजित झंडारोहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर तिरंगे को सलामी दी। यहां प्रमुख रूप से कानपुर उत्तर भाजपा पूर्व अध्यक्ष श्री दीपू पांडेय जी, कार्यक्रम संयोजक राघवेन्द्र मिश्र पूर्व पार्षद,वात्सेय त्रिपाठी, उमेश त्रिपाठी, गोलू बाजपेई, प्रभात पाल, प्रवीन श्रीवास्तव, संजय औदीच्य, मोहम्मद रेहान, मनवीर मनिहास, सुखदेव प्रसाद मिश्रा, डॉ. बीएस चन्देल,मनोज शुक्ला रहे। जूही राखी मंडी में बहन सुनीता देवी द्वारा आयोजित झंडारोहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर राष्ट्रीय ध्वज को नमन किया। रामआसरे नगर में आयोजित झंडारोहण कार्यक्रम में तिरंगा फहराया। शिव नगर पीले पुल के पास आयोजित झंडारोहण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर तिरंगे की शान में सिर झुकाने और देशभक्ति की भावना के साथ सभी क्षेत्रवासियों का उत्साहवर्धन किया। कंजरनपुरवा, साकेत नगर में गोरेलाल द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में तिरंगा फहराया। तेजाब मिल कैंपस अनवरगंज में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में झंडा रोहण किया।

## मेट्रो स्टेशन मोतीझील मे यात्रियों समेत 15 ने किया रक्तदान

**कानपुर (एसएनबी)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर संकल्प सेवा समिति के तत्वावधान में मोतीझील मेट्रो स्टेशन पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में यात्रियों समेत 15 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान स्टाफ व यात्रियों समेत 15 यूनिट रक्तदान हुआ। आईएमए ब्लड बैंक की टीम ने सुरक्षित रक्तदान कराया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। वहीं, मेट्रो की ओर से सभी रक्तदाताओं को मेट्रो में निशुल्क यात्रा का लाभ दिया गया। इस मौके पर संकल्प सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान, अभिषेक चौहान, राजवेंद्र सचान, योगेंद्र चौहान, प्रीति, प्रगति, पूजा व अन्य मौजूद थे।

## सनातन सेवा सत्संग ने फहराया तिरंगा

**कानपुर (एसएनबी)।** सनातन सेवा सत्संग कानपुर प्रांत द्वारा स्वाधीनता दिवस के पुनीत अवसर पर डब्ल्यू टू जूही कला में 79वीं वर्षगाठ का आयोजन कर महामंडलेश्वर योग योगेश्वरी यतिजी के द्वारा ध्वज फहराया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष आचार्य सुधीर भाई मिश्रा सहित महामंडलेश्वर द्वारा अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ज्ञानीश मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर अखिलेश शुक्ला, राजेश दीक्षित कक्का, लक्ष्मी नारायण त्रिवेदी, पवन तिवारी, डॉ. अशोक शुक्ला, आशीष कुमार दीक्षित, हरीओम पांडेय आदि रहे।


**AKI INDIA LIMITED**
CIN: L19201UP1994PLC016467
Regd. Office: D-115, Defence Colony Jajmau, Shiwans Tannery, Kanpur Nagar, Jajmau, Uttar Pradesh - 208010

Extract of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30/06/2025
(Rs. In Lakhs except EPS)

| Sr. No | Particulars | Quarter Ending on 30.06.2025 | Year to Date Figures 31.03.2025 | Corresponding Three Months Ended in the Previous Year 30.06.2024 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | 1265.23 | 7507.34 | 1962.22 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 30.36 | 262.26 | 54.33 |
| 3 | Net Profit for the period before Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 30.36 | 262.26 | 54.33 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 20.77 | 163.37 | 35.59 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period (after Tax) | 20.77 | 163.37 | 35.59 |
| 6 | Equity Share Capital | 2064.12 | 1770.64 | 1715.28 |
| 7 | Reserves & Surplus (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year. | 4,858.72 | 4718.08 | 4277.37 |
| 8 | Face Value of Equity Share Capital | 2 | 2 | 2 |
| 9 | Earnings Per Share (Basic / Diluted) | 0.020 | 0.180 | 0.04 |

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange website i.e. www.bseindia.com, www.nseindia.com and Company website i.e. www.groupaki.com.

For, AKI India Limited
Sd/-
Mohammad Ajwad
Managing Director
DIN: 07902475

Date: 14-08-2025
Place: Kanpur

**AKI INDIA LIMITED**
CIN: L19201UP1994PLC016467
Regd. Office: D-115, Defence Colony Jajmau, Shiwans Tannery, Kanpur Nagar, Jajmau, Uttar Pradesh - 208010

Extract of Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30/06/2025
(Rs. In Lakhs except EPS)

| Sr. No | Particulars | Quarter Ending on 31.06.2025 | Year to Date Figures 31.03.2025 | Corresponding Three Months Ended in the Previous Year 30.06.2025 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | 1964.14 | 8748.57 | 2172.61 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 33.34 | 266.68 | 62.16 |
| 3 | Net Profit for the period before Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 33.34 | 266.68 | 62.16 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 23.04 | 167.78 | 43.42 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period (after Tax) | 23.04 | 167.78 | 43.42 |
| 6 | Equity Share Capital | 2064.12 | 1770.64 | 1715.28 |
| 7 | Reserves & Surplus (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year. | 4,766.09 | 4743.05 | 4299.55 |
| 8 | Face Value of Equity Share Capital | 2 | 2 | 2 |
| 9 | Earnings Per Share (Basic / Diluted) | 0.020 | 0.190 | 0.04 |

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange website i.e. www.bseindia.com, www.nseindia.com and Company website i.e. www.groupaki.com.

For, AKI India Limited
Sd/-
Mohammad Ajwad
Managing Director
DIN: 07902475

Date: 14-08-2025
Place: Kanpur


**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./रा.), झाँसी**
वाद सं. 110 /2025
धारा-14 सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्सियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट सिक्योरिटी इण्ट्रेस्ट एक्ट, 2002
थाना- सीपरी बाजार जिला- झाँसी
नियत तिथि- 22.08.2025
आईसीआईसीआई होम फा.कं.लि.
बनाम
श्री देवेन्द्र भार्गव आदि

1. श्री देवेन्द्र भार्गव पुत्र श्री राधेश्याम भार्गव
2. श्रीमती रजनी भार्गव
3. श्री अरविन्द पुत्र श्री राधेश्याम भार्गव निवासीगण- 109, सीपरी बाजार मसीहागंज, थाना सीपरी बाजार, जिला झाँसी।
4. फ्लैट नं. जी-16/बी/एम.आई.जी. बेतवा विहार आवासीय योजना थाना सीपरी बाजार, जिला झाँसी।

उपरोक्त वाद में आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लि., शाखा विद्युत खण्ड गोमती नगर, लखनऊ द्वारा धारा 14 सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्सियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट सिक्योरिटी इण्ट्रेस्ट एक्ट, 2002 के अन्तर्गत न्यायालय के समक्ष इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि आपने बैंक से ऋण लिया तथा ब्याज सहित ऋण अदा कराने की जिम्मेवारी ली गई थी, किन्तु आपके द्वारा जानबूझकर बकाया धनराशि जमा नहीं की जा रही है, जिस कारण बैंक द्वारा आपकी बंधक सम्पत्तियों का कब्जा दिलाए जाने का अनुरोध किया गया है।
अतः आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आपको उक्त वाद में कोई तथ्य प्रस्तुत करना हो तो न्यायालय में दिनांक 22.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि आपके द्वारा नियत तिथि पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह माना जाएगा कि आपको कुछ नहीं कहना है। तद्नुसार वाद का निस्तारण एकपक्षीय रूप से कर दिया जाएगा।
दिनांक 14.08.2025
(वरुण कुमार पाण्डेय)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./रा.), झाँसी

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./रा.), झाँसी**
वाद सं. 107/2025
धारा-14 सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्सियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट सिक्योरिटी इण्ट्रेस्ट एक्ट, 2002
थाना- प्रेम नगर जिला- झाँसी
नियत तिथि- 22.08.2025
आईसीआईसीआई होम फा.कं.लि.
बनाम
श्रीमती नीरू शर्मा आदि

1. श्रीमती नीरू शर्मा पत्नी श्री रामेन्द्र
2. श्री रामेन्द्र पुत्र श्री सुरेश, निवासीगण-241, सी.पी. मिशन कम्पाउण्ड, थाना सीपरी बाजार झाँसी प्लॉट न. ए-2, आराजी नं. 800, 566 मि., 566, मौजा गढ़ियागाँव थाना प्रेमनगर जिला झाँसी प्लॉट नं. बी-6, आराजी नं. 566मि., मौजा गढ़ियागाँव थाना प्रेमनगर जिला झाँसी

उपरोक्त वाद में आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लि., शाखा विद्युत खण्ड गोमती नगर, लखनऊ द्वारा धारा 14 सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्सियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट सिक्योरिटी इण्ट्रेस्ट एक्ट, 2002 के अन्तर्गत न्यायालय के समक्ष इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि आपने बैंक से ऋण लिया तथा ब्याज सहित ऋण अदा कराने की जिम्मेवारी ली गई थी, किन्तु आपके द्वारा जान बूझकर बकाया धनराशि जमा नहीं की जा रही है, जिस कारण बैंक द्वारा आपकी बंधक सम्पत्तियों का कब्जा दिलाए जाने का अनुरोध किया गया है।
अतः आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आपको उक्त वाद में कोई तथ्य प्रस्तुत करना हो तो न्यायालय में दिनांक 22.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि आपके द्वारा नियत तिथि पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह माना जाएगा कि आपको कुछ नहीं कहना है। तद्नुसार वाद का निस्तारण एकपक्षीय रूप से कर दिया जाएगा।
दिनांक 14.08.2025
(वरुण कुमार पाण्डेय)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./ रा.), झाँसी

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./रा.), झाँसी**
वाद सं. 106/2025
धारा-14 सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्सियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट सिक्योरिटी इण्ट्रेस्ट एक्ट 2002
थाना- प्रेम नगर जिला- झाँसी
नियत तिथि- 22.08.2025
आईसीआईसीआई होम फा.कं.लि.
बनाम
श्रीमती नीरू शर्मा आदि

1. श्रीमती नीरू शर्मा पत्नी श्री रामेन्द्र
2. श्री रामेन्द्र पुत्र श्री सुरेश, निवासीगण -241, सी.पी. मिशन कम्पाउण्ड, थाना सीपरी बाजार, झाँसी प्लॉट नं. ए-2, आराजी नं. 800, 566 मि., 566 मौजा गढ़ियागाँव, थाना प्रेमनगर जिला झाँसी, प्लॉट नं. बी-6, आराजी नं. 566 मि., मौजा गढ़ियागाँव थाना प्रेमनगर, जिला झाँसी

उपरोक्त वाद में आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लि., शाखा विद्युत खण्ड गोमती नगर, लखनऊ द्वारा धारा 14 सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्सियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट सिक्योरिटी इण्ट्रेस्ट एक्ट, 2002 के अन्तर्गत न्यायालय के समक्ष इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि आपने बैंक से ऋण लिया तथा ब्याज सहित ऋण अदा कराने की जिम्मेवारी ली गई थी, किन्तु आपके द्वारा जान बूझकर बकाया धनराशि जमा नहीं की जा रही है, जिस कारण बैंक द्वारा आपकी बंधक सम्पत्तियों का कब्जा दिलाए जाने का अनुरोध किया गया है।
अतः आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आपको उक्त वाद में कोई तथ्य प्रस्तुत करना हो तो न्यायालय में दिनांक 22.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि आपके द्वारा नियत तिथि पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह माना जाएगा कि आपको कुछ नहीं कहना है। तद्नुसार वाद का निस्तारण एकपक्षीय रूप से कर दिया जाएगा।
दिनांक 14.08.2025
(वरुण कुमार पाण्डेय)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./ रा.), झाँसी

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./रा.), झाँसी**
वाद सं. 108/2025
धारा-14 सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्सियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट सिक्योरिटी इण्ट्रेस्ट एक्ट, 2002
थाना- सीपरी बाजार जिला- झाँसी
नियत तिथि- 22.08.2025
आईसीआईसीआई होम फा.कं.लि.
बनाम
श्रीमती कीर्ति आदि

1. श्रीमती कीर्ति पत्नी श्री अजय कुमार
2. श्री अजय कुमार पुत्र श्री देवनाथ सिंह निवासीगण- 2031 ए, तृतीय तल, गली नं. 1 साथम- ज्वेलर्स के पास, दिल्ली साउथ वेस्ट दिल्ली।
मकान नं. 295, आराजी नं. 133 मि. मौजा लहरगिर्द, आबादी मुरारी नगर, थाना सीपरी बाजार, झाँसी।

उपरोक्त वाद में आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लि., शाखा विद्युत खण्ड गोमती नगर, लखनऊ द्वारा धारा 14 सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्सियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट सिक्योरिटी इण्ट्रेस्ट एक्ट, 2002 के अन्तर्गत न्यायालय के समक्ष इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि आपने बैंक से ऋण लिया तथा ब्याज सहित ऋण अदा कराने की जिम्मेवारी ली गई थी, किन्तु आपके द्वारा जान- बूझकर बकाया धनराशि जमा नहीं की जा रही है, जिस कारण बैंक द्वारा आपकी बंधक सम्पत्तियों का कब्जा दिलाए जाने का अनुरोध किया गया है।
अतः आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आपको उक्त वाद में कोई तथ्य प्रस्तुत करना हो तो न्यायालय में दिनांक 22.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि आपके द्वारा नियत तिथि पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह माना जाएगा कि आपको कुछ नहीं कहना है। तद्नुसार वाद का निस्तारण एकपक्षीय रूप से कर दिया जाएगा।
दिनांक 14.08.2025
(वरुण कुमार पाण्डेय)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./ रा.), झाँसी

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./रा.), झाँसी**
वाद सं. 102 /2025
धारा-14 सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्सियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट सिक्योरिटी इण्ट्रेस्ट एक्ट 2002
थाना- बबीना जिला- झाँसी
नियत तिथि- 22.08.2025
आईसीआईसीआई होम फा.कं.लि.
बनाम
श्रीमती जैबुन आदि

1. श्रीमती जैबुन पत्नी श्री शौकत
2. श्री शौकत पुत्र श्री इब्राहिम निवासीगण- 739, कपड़ा मार्केट बबीना, रूरल थाना बबीना, जिला झाँसी।
प्लॉट ऑफ शास्त्री नगर, बबीना, रूरल थाना बबीना, जिला झाँसी।

उपरोक्त वाद में आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लि., शाखा विद्युत खण्ड गोमती नगर, लखनऊ द्वारा धारा 14 सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्सियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट सिक्योरिटी इण्ट्रेस्ट एक्ट, 2002 के अन्तर्गत न्यायालय के समक्ष इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि आपने बैंक से ऋण लिया तथा ब्याज सहित ऋण अदा कराने की जिम्मेवारी ली गई थी, किन्तु आपके द्वारा जानबूझकर बकाया धनराशि जमा नहीं की जा रही है, जिस कारण बैंक द्वारा आपकी बंधक सम्पत्तियों का कब्जा दिलाए जाने का अनुरोध किया गया है।
अतः आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आपको उक्त वाद में कोई तथ्य प्रस्तुत करना हो तो न्यायालय में दिनांक 22.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि आपके द्वारा नियत तिथि पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह माना जाएगा कि आपको कुछ नहीं कहना है। तद्नुसार वाद का निस्तारण एकपक्षीय रूप से कर दिया जाएगा।
दिनांक 14.08.2025
(वरुण कुमार पाण्डेय)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./ रा.) झाँसी

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./रा.), झाँसी**
वाद सं. 109/2025
धारा-14 सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्सियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट सिक्योरिटी इण्ट्रेस्ट एक्ट, 2002
थाना- सीपरी जिला- झाँसी
नियत तिथि- 22.08.2025
आईसीआईसीआई होम फा.कं.लि.
बनाम
श्री अरविन्द आदि

1. श्री अरविन्द पुत्र श्री राधेश्याम भार्गव
2. श्रीमती रजनी भार्गव
3. श्री देवेन्द्र भार्गव पुत्र श्री राधेश्याम भार्गव निवासीगण- 109 सीपरी बाजार मसीहागंज, थाना सीपरी बाजार, जिला झाँसी।
4. फ्लैट नं. एस-19/ए/ एम.आई.जी. बेतवा विहार आवासीय योजना, थाना सीपरी बाजार, जिला झाँसी।

उपरोक्त वाद में आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लि., शाखा विद्युत खण्ड गोमती नगर, लखनऊ द्वारा धारा 14 सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्सियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट सिक्योरिटी इण्ट्रेस्ट एक्ट, 2002 के अन्तर्गत न्यायालय के समक्ष इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि आपने बैंक से ऋण लिया तथा ब्याज सहित ऋण अदा कराने की जिम्मेवारी ली गई थी, किन्तु आपके द्वारा जान-बूझकर बकाया धनराशि जमा नहीं की जा रही है, जिस कारण बैंक द्वारा आपकी बंधक सम्पत्तियों का कब्जा दिलाए जाने का अनुरोध किया गया है।
अतः आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आपको उक्त वाद में कोई तथ्य प्रस्तुत करना हो तो न्यायालय में दिनांक **22.08.2025** को प्रातः **11:00 बजे** उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि आपके द्वारा नियत तिथि पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो यह माना जाएगा कि आपको कुछ नहीं कहना है। तद्नुसार वाद का निस्तारण एकपक्षीय रूप से कर दिया जाएगा।
दिनांक 14.08.2025
(वरुण कुमार पाण्डेय)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./रा.), झाँसी